दिल्ली पुलिस समाचार

अंक 83 अक्टूबर – नवम्बर 2011 पंजी0 सं0 आर–43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



शहीदों को नमन

COMMEMORATION DAY PARADE

21st Oct. 2011







स्मरणोत्सव परेड़ में शहीद साथियों को याद किया

अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों की याद में 21 अक्टूबर, 2011 को किग्जैवे कैम्प स्थित पुलिस मैदान में शोक परेड़ का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले साथियों को नमन करते हुए उनकी याद में दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दिन को सभी केन्द्रिय पुलिस संगठन एवं राज्यों की पुलिस शहीद दिवस के रूप में मनाती है।

एसीपी श्री रजनीश गर्ग ने शहीदी पुस्तिका पुलिस आयुक्त श्री ब्रिजेश कुमार गुप्ता को सौंपी। जिन्होंने शहीदी पुस्तिका को सम्मानपूर्वक मंच पर रखा और सभी अर्धसैनिक पुलिस संगठनों और पुलिस बलों के शहीद पुलिसकर्मियों की संख्या व नामों को उद्घोषित किया। तत्पश्चात शहीदी पुस्तिका को स्मारक स्थल पर रखा गया। इस अवसर पर भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री सुभाष टंडन,श्री एम.बी. कौशल, श्री अजयराज शर्मा, श्री आर.एस.गुप्ता, श्री के0के0पाल के साथ–साथ दिल्ली पुलिस के वर्तमान एवं भूतपूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पाजंलि अर्पित की। हर रैंक के एक एक पुलिस अधिकारी एवं जवान ने अपने साथियों की तरफ से दिवगंत साथियों को पुष्पाजंलि अर्पित की। गतवर्ष देशभर में विभिन्न केन्द्रिय पुलिस संगठनों और पुलिस बलों में 1 सितम्बर 2010 से 31 अगस्त 2011 तक कुल 634 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने डयूटी के दौरान राष्ट्र हित में अपने प्राणों का बलिदान देकर अपने अन्य साथियों के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस वर्ष शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की संख्या इस प्रकार हैः आन्ध्र प्रदेश (06), अरूणाचल प्रदेश (04), असम (09), बिहार (13), छतीसगढ़ (47), हरियाणा (4), जम्मू एंड कश्मीर (13), झारखंड (36), कर्नाटक (09), केरल (05), मध्यप्रदेश (12), मणिपुर (14), उड़ीसा (11), राजस्थान (05), तलिमनाडू (13), त्रिपुरा (02), उतरप्रदेश (112), उतराखंड (12), महाराष्ट्र (13), मणिपुर (14), मेघालय (05), नागालैंड (03) पश्चिमी बंगाल (24), बी.एस.एफ. (72), सीआईएसएफ (10), सीआरपीएफ (113), आईटीबीपी (18), आरपीएफ (27), एसएसबी (02), एनएसजी (03), तथा दिल्ली पुलिस के 15 शहीदों के नाम हैं: **उपनि0 कैलाश चन्द्र, उप0नि0 विरेन्द्र प्रकाश, उपनि0 हरिराम, उपनि0 देवेन्द्र कुमार, सउनि0 आनन्द सिंह, हैडकां0 कैलाशचन्द्र, हैडकां0 घासीलाल मीणा, हैडकां0 श्रीभगवान सिंह ,हैडकां0 देशराज, हैडकां0 वक्कीलुद्वीन, कां0 पवन कुमार, कां0 संजय कुमार वत्स, कां0 रविन्द्र कुमार, कां0 विजय सिंह तथा कां0 संदीप कुमार ।**

स्मरण दिलाया जाता है कि 21 अक्टूबर 1959 को भारतीय पुलिस बल की एक टुकड़ी लद्दाख क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात की गई थी। वहीं एक पहाड़ी पर छिपे चीनी सैनिकों ने घात लगाकर भारतीय टुकड़ी पर हमला कर दिया। छद्म रूप से किये गये उस हमले में हमारे 10 जवान मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये। तब से ही सभी केन्द्रिय पुलिस संगठनों और पुलिस बलों में 21 अक्टूबर का दिन शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है और अपने अनगिनत शहीद पुलिसकर्मियों का स्मरण किया जाता हैं।

गतवर्ष शहीद दिल्ली पुलिसकर्मी

1 सितम्बर 2010 से 31 अगस्त 2011 के बीच कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों में शमिल हैः


उप0नि0 कैलाश चन्द्र


उप0नि0 विरेन्द्र प्रकाश


उप0नि0 हरिराम


उप0नि0 देवेन्द्र कुमार


सउनि0 आनन्द सिंह


हैडकां0 कैलाशचन्द्र


हैडकां0 श्रीभगवान सिंह


हैडकां0 देशराज


हैडकां0 वक्कीलुद्वीन


हैडकां0 घासीलाल मीणा


कां0 संजय कुमार वत्स


कां0 विजय सिंह


कां0 रविन्द्र कुमार


कां0 संदीप कुमार


कां0 पवन कुमार

26 सर्वश्रेष्ठ बीट हैडकां0/कां0 पुलिस आयुक्त द्वारा पुरस्कृत

अगस्त व सितम्बर माह के दौरान 26 सर्वश्रेष्ठ बीट हैडकां0/कांस्टेबलों को पुलिस आयुक्त दिल्ली द्वारा प्रत्येक को 2000 रूपये नकद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

अगस्त माह के दौरान पुरस्कृत. पूर्वी जिला: थाना शकरपुर से कां0 राधेश्याम नं0 2821/ई, **उतर–पूर्वी जिला:** थाना न्यू उस्मानपुर से कां0 नत्थूराम नं0 747/एनई, **नई दिल्ली जिला:** थाना तिलक मार्ग से कां0 विनोद कुमार नं0 551/एनडी, **मध्य जिला:** थाना पहाड़गंज से हैडकां0 यादराम मीणा नं0 466/सी, **उतरी जिला:** थाना सराय रोहिल्ला से कां0 गजेन्द्र सिंह नं0 889/एन, **उतर–पश्चिमी जिला:** थाना भलस्वा डेयरी से कां0 अजय कुमार नं0 1759/एन.डब्लू.. **बाहरी जिला:** थाना प्रंशात विहार से कां0 अशोक कुमार नं0 1127/ओडी, **दक्षिणी जिला:** थाना नेब सराय से हैडकां0 सुरेश कुमार 1830/एस, **दक्षिण–पूर्वी जिला:** थाना ओखला से कां0 इन्द्र राज सिंह नं0 3331/एसई, **दक्षिण–पश्चिमी जिला:** थाना बाबा हरी दास नगर से कां0 नवीनकुमार नं0 1579/एसडब्लू, **पश्चिमी जिला:** थाना विकासपुरी से हैडकां0 सुरेन्द्र सिंह नं0 546/डब्लू, **यातायात:** वेस्ट्रन रेंज से हैडकां0 महेन्द्र 4189/टी, **पीसीआर** से हैडकां0 कृष्ण कुमार 1531 तथा कां0 कैन्हया लाल नं0 7597/पीसीआर, **अपराध शाखा** से हैडकां0 हर्शाय मीणा नं. 478/अपराध



17 पुलिस अफसर असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित

पुलिस आयुक्त दिल्ली श्री बी.के.गुप्ता ने 17 पुलिस अफसरों को उनके असाधारण कार्यो के लिए प्रत्येक को 10 हजार रूपये नकद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। 20 अक्टूबर, 2011 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में पुलिस आयुक्त ने उन्हें प्रंशसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संबंधित परिक्षेत्रों के सयुंक्त पुलिस आयुक्त एवं उपायुक्त पुलिस भी उपस्थित थे। सम्मानित होने वाले पुलिस अफसरों में शामिल है: इंस्पेक्टर ललित मोहन, इंस्पेक्टर हृदय भूषण, एएसआई शहजाहं एस, कां0 रोशन लाल टिक्कू तथा कां0 संदीप सिंह सैनी **(विशेष प्रकोष्ठ)**, हैडकां0 जसविन्द्र सिंह, हैडकां0 राजबीर सिंह, हैडकां0 अमित तोमर तथा कां0 मनोज कुमार **(अपराध शाखा)**, हैडकां0 राकेश कुमार तोमर, हैडकां0 सुखविन्द्र सिंह, हैडकां0 हरजीत सिंह,हैडकां0 बिनय सिंह तथा हैडकां0 कंवरपाल सिंह **(दक्षिणी जिला),** हैडकां0 रोहताश **(पूर्वी जिला),** महिला हैडकां0 किरण बाला तथा कां0 राजपाल सिंह **(संचार शाखा)** इसके अतिरिक्त अन्य 4 पुलिस जवानों को सराहनीय व प्रंशसनीय कार्यो के लिए प्रत्येक को 5 हजार रूप्ये नकद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये पुलिसकर्मी हैं: हैडकां0 प्रवीण कुमार तथा कां0 श्याम सिंह **(पूर्वी जिला)**, कां0 जितेन्द्र (दक्षिणी जिला), कां0 एस.पिलानी **(उतर–पूर्वी जिला)**



11 नवम्बर को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षित समारोह में पुलिस आयुक्त श्री बी.के. गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ बीट हैडकां0/कां0 को प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। **सम्मानित होने वाले में शामिल हैं पूर्वी जिला:** थाना मधु विहार से कां0 मुकेश कुमार नं0 1034/ई, **उत्तर–पूर्वी जिला:** थाना न्यू उस्मानपुर से कां0 नत्थूराम नं0 747/एनई, **नई दिल्ली जिला:** थाना मन्दिर मार्ग से कां0 विनोद कुमार नं0 761/एनडी, **मध्य जिला:** थाना करोल बाग से कां0 जगमाल सिंह नं0 2408/सी, **उतरी जिला:** थाना सब्जी मंडी से हैडकां0 कुशहाल सिंह नं0 289/एन, **उतर–पश्चिमी जिला:** थाना भलस्वा डेयरी से कां0 अजय कुमार नं0 1759/एन.डब्लू., **बाहरी जिला:** थाना नार्थ रोहिणी से हैकां0 दिनेश कुमार नं0 3053/ओडी, **दक्षिणी जिला:** थाना नेब सराय से कां0 रितेश कुमार 1758/एस, **दक्षिण–पूर्वी जिला:** थाना बदरपुर से हैडकां0 रमेशचंद नं0 1914/एसई, **दक्षिण–पश्चिमी जिला:** थाना पालम गांव से कां0 नवल सिंह नं0 845/एसडब्लू, **पश्चिमी जिला:** थाना मोती नगर से हैडकां0 रिशाल सिंह नं0 290/डब्लू, **यातायात:** मॉडल टाउन सर्कल से हैडकां0 यतेन्द्र सिंह नं0 1679/टी, **पीसीआर** से हैडकां0 कृष्ण चंद नं0 1664/पीसीआर, हैडकां0 रमेशचदं नं 04077/पीसीआर तथा कां0 कर्ण सिंह नं0 7579/पीसीआर अपराध शाखा से हैडकां0 हरपाल सिंह नं. 460/अपराध

26 इंस्पेक्टर एसीपी पद पर पदोन्नत

राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली के गृह विभाग द्वारा 3 नवम्बर, 2011 को जारी आदेश संख्या एफ/नं0 5/51/2011/एच.पी.–1/सिब्बन्दी/3599–3602 के अनुसार 26 इंस्पेक्टरों को एसीपी के पदों पर अस्थाई तौर पर पदोन्नत किया गया हे। पदोन्त होने वालों में शामिल हैः इंस्पेक्टर रामअवतार, इंस्पेक्टर प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर प्रकाशचन्दर, इंस्पेक्टर यादराम, इंस्पेक्टर लक्ष्मीनारायण, इंस्पेक्टर विमल कुमार, इंस्पेक्टर भरत सिंह, इंस्पेक्टर बलराज सिंह दहिया, इंस्पेक्टर राजीव भटनागर, इंस्पेक्टर रामचन्दर शर्मा, इंस्पेक्टर रामकवंर, इंस्पेक्टर लक्ष्मी नारायण, इंस्पेक्टर आश मोहम्मद, इंस्पेक्टर रायसिंह खत्री, इंस्पेक्टर राकेश कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कपूर, इंस्पेक्टर देवेन्द्र पाल सिंह, इंस्पेक्टर कांता प्रसाद कुकरेती, इंस्पेक्टर पारस नाथ, इंस्पेक्टर बनवारी लाल, इंस्पेक्टर आजाद सिंह, इंस्पेक्टर लक्ष्मीदेवी, इंस्पेक्टर प्रेमलता, इंस्पेक्टर किशोर कुमार सोलानी, इंस्पेक्टर श्रीकृष्ण मीणा तथा इंस्पेक्टर पार्वती कुजुर.

31 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक दिल्ली के 6 थानों ने'' पुलिस स्टेशन विजिट वीक'' मनाया

एटलस ग्लोबल एलायंस द्वारा दुनियाभर के 21 देशों में 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर, 2011 तक पुलिस स्टेशन विजिट वीक मनाया गया। पुलिस की छवि में सकारात्मक रूख उत्पन्न करने, महिलाओं के मन से पुलिस के प्रति नकारात्मक भाव खत्म करने, पुलिस कार्यप्रणाली को समझाने, दलितों और अल्संख्यक समुदाय के प्रति पुलिस के दृष्टिकोण के साथ–साथ थानों में मौजूदा भौतिक सुविधाओं का पता करने के उद्देश्य से भारत के विभिन्न राज्यों के लगभग 300 पुलिस स्टेशनों में पुलिस स्टेशन विजिट वीक मनाया गया। जिसमें दिल्ली के मालवीय नगर, बंसत विहार, द्वारका सैक्टर–23, चितरंजन पार्क, भजनपुरा तथा साउथ रोहिणी थानों को भी शामिल किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इस अभियान में लोगों को पुलिस के निकट लाने और पुलिस कार्यप्रणाली में सुधारों पर ध्यान केन्द्रित करने के अलावा लोगों में पुलिस की विश्वसनीयता बढ़ाना था।



पुलिस आयुक्त श्री बी.के. गुप्ता एवं विशेष पुलिस आयुकत श्री धमेन्द्र कुमार ने सितम्बर माह के सर्वश्रेष्ठ बीट हैडकां0/कां0 को प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।





13 अक्टूबर को कमला मार्केट स्थित अपराध शाखा के कार्यालय में एक स्वास्थ्य जाँच कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें अपराध शाखा के अलावा अन्य जिला यूनिटो के पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी। पुलिस आयुक्त श्री बी.के. गुप्ता ने डाक्टरों से पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।



आपात प्रतिक्रिया वाहन (E.R.V.) पर तैनात जवान पुलिस की सक्षमता का प्रतीक



महिला शक्तिकरण की तरफ अग्रसर दिल्ली पुलिस

शहरीकरण, अपराध एवं कानून के प्रवर्तन पर पुलिस की नीति पुस्तक का विमोचन
(Urbanization,crime and Law Enforcement)

उपायुक्त पुलिस श्री ओ0पी0 मिश्रा की पुलिस नीति पर आधारित 'शहरीकरण, अपराध एवं कानून का प्रवर्तन' (Urbanization,crime and Law Enforcement) नामक पुस्तक का पुलिस आयुक्त, दिल्ली श्री बी.के. गुप्ता ने विमोचन किया। 18 अक्टूबर, 2011 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर ऐनक्सी, लोधी रोड़, नई दिल्ली में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्री बी.के. गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इसके अलावा जे0एन0यू के प्रोफसर श्री योगेन्द्र सिंह, हिन्दुस्तान टाइम्स के एग्जीक्यूटिव एडिटर श्री शिशिर गुप्ता, फिल्म अभिनेता श्री शत्रुघन सिन्हा, सेवानिवृत सयुंक्त पुलिस आयुक्त श्री मैक्सवल परेरा के अलावा काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व अन्य बुद्धिजीवि उपस्थित थे।



फोटो साभार :
कां0 रोजर





17 अक्टूबर को स्पीकर हॉल, कांस्टीट्यूट क्लब, नई दिल्ली में ''दिल्ली में बाजारों एवं व्यापारियों की सुरक्षा'' पर एक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली के बाजारों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर परिचर्चा हुई। इस विचार गोष्ठी में पुलिस आयुक्त श्री बी0.के0 गुप्ता मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री धर्मेन्द्र कुमार, श्री पी0एन0अग्रवाल, सयुंक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री सत्येन्द्र गर्ग, सयुंक्त पुलिस आयुक्त (परिक्षेत्र) श्री अमूल्य पटनायक, श्री सुधीर यादव तथा श्री पी. कामराज भी उपस्थित थे।

अच्छी तफ्तीश

दो अगवा व्यवसायियों को इल्क्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से मुक्त कराने में सफलता

दक्षिण–पूर्वी जिले के जैतपुर इलाके में ट्रैवल एजेंट का काम करने वाले दो व्यवसायियों को फरीदाबाद इलाके से मुक्त कराने में एसीपी संगम विहार व थानाध्यक्ष जैतपुर की टीम ने उल्लेखनीय सफलता पाई है। **दक्षिण–पूर्वी जिला के अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री अजय चौधरी** के दिशा–निर्देश में काम करने वाली पुलिस टीम ने 24 अक्टूबर की रात 10 लाख रूपये के लिए अपहृत किये अशद शेख व परवेज नामक दो व्यक्तियों को 29 अक्टूबर को अपहरणकर्ताओं के चगुंल से मुक्त कराने में सफलता हासिल की। जॉच के दौरान पता चला कि अपहरणकर्ताओं ने दिल्ली व मुम्बई में ट्रैवल एजेंसी का काम करने वाले अशद शेख को एक महिला की मदद से किराया देने के बहाने गुडगांव बुलाया था। अशद शेख ने स्वंय न जाकर अपने परिचित परवेज को वहॉ भेज दिया। अपहरणकर्ता परवेज का अपहृण कर उसे फरीदाबाद ले गये जहॉ परवेज को अशद शेख को भी बहाने से वहॉ बुलाने पर बाध्य कर दिया। रेशमा नामक यह महिला अशद शेख के पास खाड़ी देशों में जाने वाले लोगों को भेजती थी और उसे आशा थी कि अशद शेख के पास काफी मात्रा में रकम उपलब्ध है। रेशमा ने ही पहले भी कई आपराधिक वारदातों में शामिल अपने परिचित विक्रम यादव उर्फ विक्की व उसके परिचितों की मदद से अशद शेख व परवेज का अपहरण कर मुम्बई में रह रहे उसके मामा से 10 लाख रूपये की फिरौती की मांग की। पुलिस टीम ने अपनी तत्परता और सजगता के चलते उनकी योजना पर पानी फेर दिया।

अवैध हथियारों की सप्लाई में बुजुर्ग चाचा मुरादाबादी गिरतार

पश्चिमी जिला के एसीपी राजौरी गार्डन श्री जे.के. शर्मा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मोती नगर राजकुमार की टीम एएसआई ईश्वर दयाल, हैडकां0 राजेश, नरेन्द्र, रणधीर तथा कां0 जुनैद, हरीकेश तथा कां0 धमेन्द्र की टीम को 70 वर्षीय एक ऐसे बुजुर्ग को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है जो दिल्ली उत्तर प्रदेश व एनसीआर इलाके में बड़े–बड़े गैंगस्टरों को अवैध हथियारों की सप्लाई करता था। उम्र 70 वर्ष, एक पैर से विकलांग, काम बड़े–बड़े कुख्यात गैगस्टरों को हथियार सप्लाई करना, बदमाशों के बीच चाचा मुरादाबादी के नाम से प्रचलित यह तस्कर बदमाशों की मांग के आधार पर हथियार सप्लाई करता था। इस संबंध में **अतिरिक्त आयुक्त पुलिस श्री वी0 रंगनाथन** ने 2 नवम्बर को आयोजित एक संवाददाता सम्मलेन में विस्तार से बताया कि उस समय का 12वीं पास और 24 बीघा जमीन का मालिक हरपाल सिंह उर्फ शकुनी अधिक धन की लालसा के चलते संभल इलाके से हथियार प्राप्त करके उन्हें मुनाफे पर दिल्ली के उत्तम नगर, नांगलाई, रनहोला ,मादीपुर, सीलमपुर आदि इलाकों में सप्लाई करता था। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली व एनसीआर इलाके में हथियारों की सप्लाई करने वाला एक बुजुर्ग जखीरा बस स्टैंड के पास आएगा। बैसाखी के सहारे एक सूटकेस लेकर आए इस बुजुर्ग पर एकबारगी तो पुलिस टीम विश्वास नही कर पायी परन्तु उसकी तलाशी लेने पर पुलिस टीम भी चौंके बिना नहीं रह सकी। पुलिस टीम की सूझबुझ और त्वरित कार्यवाही के कारण ही यह हथियार तस्कर शिकंजे में फंस सका।

चैन झपटमारी की 21 वारदाते सुलझाने में शानदार सफलता

अपराध शाखा के **अति0उपा0पु0 डॉ0 जॉच टीकी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जितेन्द्र कडूं की टीम एसआई अनिल मलिक, हैडकां0 घनश्याम, हैडकां0 संजय सिंह, हैडकां0 वीरपाल,हैडकां0 नरेश, हैडकां0 अनिल, हैडकां0 अबरार तथा कां0 विरेन्द्र** ने 1 नवम्बर को रोहिणी इलाके से दो झपटमारों को गिरतार कर बाहरी जिले के विभिन्न थानों में दर्ज चेन झपटमारी की लगभग 21 वारदाते सुलझाने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। पुलिस टीम को एक अज्ञात सूत्र से ज्ञात हुआ कि चेन झपटमारी की विभिन्न वारदातों में शामिल दो युवक चोरी की मोटरसाइकिल पर झपटमारी की किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। रोहिणी के विभिन्न संभावित इलाकों में फैली पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर दो मोटरसाइकिल युवकों को दबोचने में सफलता मिली। पूछताछ पर पता चला कि जिस मोटरसाइकिल पर ये दोनों वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे, उन्होंने यह मोटरसाइकिल के.एन.काटजू मार्ग थाना इलाका से चोरी की है और बाहरी जिला के विभिन्न थाना इलाकों में चेन झपटमारी की लगभग 21 वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने इनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल,दो सोने की चैन बरामद करते हुए सुलतानपुरी इलाके से चोरी का माल खरीदने के आरोप में भी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। चेन झपटमारी की वारदातों में सक्रिय इन युवकों के पुलिस द्वारा दबोचे जाने पर इलाके के लोगों ने राहत महसूस की है।

ठगी के आरोप में महिला वकील गिरतार

दक्षिणी जिला ने 2 नवम्बर को एक महिला वकील को उसके साथी सहित गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 पासपोर्ट,11 सेलफोन,दो लैपटॉप, प्रिंटर्स, हार्ड डिस्क, पुलिस के वरीफिकेशन फार्म, व कई चैकबुक आदि बरामद की है। साकेत **थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह** की टीम ने सोनिया मान नामक ठग वकील को खानपुर के राजू पार्क से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जॉच के दौरान पता चला कि चेन्नै से पांच वर्ष का लॉ कोर्स करने के बाद तमिलनाडु बार कांउसिल में पंजीकृत इस महिला वकील का असली नाम तनुजा है और वह लीगल प्रैक्टिस करने के दौरान इंटरनेशनल जॉब रकैट में शामिल हो गई। उसके कुछ नाइजीरियन दोस्त इंटरनेट पर ईमेल,हैकिंग, फर्जी आईडी प्रूफ पर बैंक खाते खुलवाते और दूतावासों तक पहुंच बनाने का काम करते थे। विदेशों में नौकरी करने के इच्छुक लोगों की इंटरनेट पर पहचान कर उन्हें झांसे में लेते थे। तनुजा उर्फ सोनिया मान को दूतावासों के पैनल पर नियुक्त वकील दर्शाकर लोगों से ठगी की जाती थी। वास्तव में कोई अन्य सोनिया मान नामक महिला वकील दूतावारों के पैनल में शामिल है। इस महिला को उसके साथी सहित मर्चेंट नेवी के कर्मचारियों की शिकायत पर गिरफ्तार किया। मर्चेंट नेवी के कर्मचारियों व ठगी के शिकार अन्य लोगों ने भी पुलिस कार्यवाही की तहेदिल से प्रंशसा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

रात्रि पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो नाइजीरिन गिरतार

दक्षिणी जिले के थाना फतेहपुर बेरी में तैनात **इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह राणा व सबइंस्पेक्टर उपेन्द्र सिंह** की टीम ने सुलतानपुर मैट्रो स्टेशन के निकट से दो नाइजीरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक करोड़ रूपये मूल्य की कोकीन, मोबाइल फोन,2700 यूएस डालर व 28 हजार भारतीय मुद्रा बरामद करने में सफलता अर्जित की हैं। पुलिस टीम को गुप्ता सूचना मिली थी कि उत्तम नगर इलाके में रहने और और पेज थ्री पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो नाइजीरियन दक्षिणी दिल्ली में घूम रहे हैं। पुलिस टीम के सदस्य मामले की गहन जॉच करते हुए अभियुक्तों तक पहुंचने में सफल रहे।

अच्छी कामयाबी

अच्छी तफ्तीश–अच्छी कामयाबी

चार वर्षीय बच्चे को तीन सगे भाईयों के चगुंल से 5 घंटें के अन्दर सकुशल मुक्त कराने में उल्लेखनीय सफलता

22 अक्टूबर, 2011 को थाना सब्जी मंडी इलाके के मल्कागंज से एक व्यवसायी के चार वर्षीय बच्चे को अपहर्णकर्ताओ के चगुंल से पांच घंटे में सकुशल मुक्त कराकर उत्तरी जिला पुलिस में एक अति प्रंशसनीय कार्य को अंजाम दिया है। कश्मीरी गेट इलाके में ऑटो पार्ट्स का व्यवसाय करने वाले गौरव बाली का एकमात्र पुत्र राजबीर सिंह अचानक घर से लापता हो गया। अपने किसी काम से घर से बाहर इस व्यवसायी ने तत्काल सब्जी मंडी पुलिस को सूचित किया। एसीपी बुद्वि प्रकाश, इंस्पेक्टर यशवीर सिंह,एसआई योगेश व विनोद की टीम ने मामला दर्ज करते हुए व्यवसायी के यहॉ काम करने वाले सभी कारगरों की एक सूची बनाते हुए जॉच शुरू की। इस संबंध में **उपायुक्त पुलिस उतरी जिला आई0बी0रानी** ने विस्तार से बताया कि पुलिस टीम को जॉच के दौरान घर में काम करने वाले एक कारपेंटर पर संदेह हुआ। कारपेंटर पर जॉच केन्द्रित करने पर पता चला कि कारपेंटर व व्यवसायी के बीच काम के पैसों के लेन–देन को लेकर कुछ दिन पहले विवाद भी हुआ था। हालॉकि संवेदना दिखाने के लिए कारपेंटर ने व्यवसायी को फोन भी किया और घर भी गया। घर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने कारपेंटर को पकड़ कर पेशेवर तरीके से पूछताछ की तो उसने बच्चे के अपहरण में अपना हाथ होने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि उसने ही बच्चे का अपहरण कर उसे खजूरी के पास अपने दो सगे छोटे भाईयों को सौंप दिया। पुलिस टीम ने तत्काल कारपेंटर के दोनों छोटे भाईयों को हिरासत में लेते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर पीड़ित परिवार को सौंप दिया। व्यवसायी व उसके परिजनों ने दिल्ली पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए अपार खुशी प्रकट की।

दर्जनभर मामलों में वांछित 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बाहरी जिला के थाना कंझावला के स्पेशल स्टाफ में तैनात **इंस्पेक्टर पूर्णपंत,एसआई मुकेश कुमार, हैडकां0 नरेश त्यागी, जगदीश त्यागी, नरेश रावत, कां0 बिजेन्द्र** की टीम ने दिल्ली, हरियाणा व महाराष्ट्र में हत्या व लूटपाट के लगभग 14 संगीन मामलों में वांछित अपराधी राकेश उर्फ राका उर्फ साहिल को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित एक इनामी बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से सर छोटूराम कॉलेज मार्ग से जाएगा। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इस बदमाश को दबोचते हुए उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाकिल, एक पिस्टल व कारतूस बरामद करने में शानदार सफलता पाई। जॉच पडताल के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ कंझावला के सुनील नामक व्यक्ति की हत्या करने, सोनीपत में एक पैट्रोल पम्प के कैशियर से 20 लाख लूटने और महाराष्ट्र में एक डीलक्स बस को बीच रास्त में हाईजैक कर हथियारों के बल पर उसमें सवार लोगों से लगभग 70 लाख रूपये लूटने जैसी कई वारदातों को अंजाम दिया था। सुपारी लेकर हत्या करने वाले इस शार्पशूटर की गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस ने 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित कर रखा था।

सिपाही हरकेश की हत्या में तीन लूटेरे गिरफ्तार

15 अक्टूबर की रात आदर्श नगर मैट्रो स्टेशन के नीचे दिल्ली पुलिस के सिपाही हरकेश मीणा की हत्या की गुत्थी सुलझाने में **एसीपी सत्यदेव दहिया, आदर्श नगर थानाध्यक्ष विरेन्द्र काद्यान, इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह तथा कां0 जगजीतसिंह व विनोद कुमार** की टीम ने अहम भूमिका निभाई। इस संबंध में उपायुक्त पुलिस उतर–पश्चिमी जिला मीनू चौधरी ने संवाददाताओं को घटना के बारे विस्तार से बताया कि पीडित सिपाही हरकेश मीणा नरेला थाने में डयूटी करने के बाद सादी वर्दी में महरौली पुलिस लाइन जाने के लिए आदर्श नगर मैट्रो स्टेशन की तरफ बढ़ रहा था। अचानक तीन लूटेरों ने लूटपाट के उद्वेश्य से हरकेश मीणा को पकड़ लिया। सिपाही हरकेश द्वारा विरोध किये जाने पर बदमाशों ने उसे चाकू मार कर घायल कर दिया और उसका पर्स लूट कर फरार हो गये। सूचना मिलने पर सिपाही हरकेश को तत्काल बाबूजगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अभियुक्त जब इस वारदात को अंजाम दे रहे थे तो उसी समय एक मोटरसाइकिल सवार ने रूक कर हस्तक्षेप करना चाहा। परन्तु अभियुक्तों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद डर कर मौके से चला गया। जॉच के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस टीम एक अभियुक्त रूद्रमणित के घर तक पहुंची लेकिन वह अपने घर से फरार मिला। पुलिस टीम को इस पर संदेह गहरा गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आजादपुर व समयपुर बादली इलाके से तीनों बदमाशों रूद्रमणि उर्फ रोहित, सुनील और रोहत कुमार उर्फ राहुल को दबोच लिया। अभियुक्तों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, सिपाही हरकेश का परिचय पत्र व ड्राइविंग लाइसेंस बरामद कर लिया। वर्ष 2010 में पुलिस में भर्ती होने वाला मृतक सिपाही हरकेश मूलरूप से राजस्थान के दौसा का रहने वाला था । प्रशिक्षण के बाद मालवीय नगर से कुछ दिन पहले ही हरकेश को बाहरी जिला के नरेला थाने में तैनात किया गया था।

बदमाशों की गोली से घायल कां0 मीणा की हालत में सुधार

23 अक्टूबर, 2011 की रात दक्षिण–पश्चिमी जिला के थाना द्वारका नार्थ की ककरौला बीट में तैनात **कां0 लल्लूराम मीणा** को कुछ बदमाशों ने गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दीपावली पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को मद्वेनजर रखते हुए कां0 मीणा वाहनों की जॉच कर रहे थे कि नजफगढ़ की तरफ से आती एक कार को रूकने का इशारा किया तो बदमाश कां0 मीणा पर फायरिंग करते हुए फरार हो गये। गोली कां0 मीणा के कंधें को चीरती हुई निकल गई। घायल कां0 को निकट के आयुष्मान अस्पताल भर्ती कराया गया जहॉ उसने स्वास्थ्य लाभ लिया।

नौकरी का झांसा देकर हजारों लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

अपराध शाखा के **एसीपी ओ0पी0.यादव के नेतृत्व में इंस्पेक्टर के. पी.सिंह, एसआई पी.सी.यादव, एसआई रामनिवास, एसआई राजेन्द्र, एएसआई रघेन्द्र, हैडकां0 नरेन्द्र ,कां0 विजेन्द्र, कां0योगेन्द्र0 कां0 वकील, कां0 नरेश,कां0 देवेन्द्र तथा महिला कां आरती शर्मा** की टीम ने 11 अक्टूबर, 2011 को एक ऐसे गिरोह का भंड़ाफोड़ करने में कामयाबी प्राप्त की। जिसने देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 1000 लोगों को असम राइफल, स्वास्थ्य मंत्रालय, कल्याण मंत्रालय आदि में नौकरी दिलाने के नाम ठग लिया था। पुलिस टीम ने गिरोह की सरगना अर्चना सिंह उर्फ बेबी सिंह को इंडियन आर्मी के नकली कैप्टन रविन्द्र चौहान उर्फ रवि सहित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से असम राइफल, स्वास्थ्य मंत्रालय, कल्याण मंत्रालय की 21 जाली मोहरें, 200 से ज्यादा प्रोविजनल नियुक्ति पत्र, एक अति आधुनिक पिस्टल, 15 जिदा कारतूस,जे एंड के से जारी जाली आर्म्स लाइसेंस, 5. 19 लाख रूपये, एक होंडा सीटी कार और 8 मोबाइल फोन बरामद करने के साथ–साथ विभिन्न बैंकों के 90 बैंक अकांउट सीज़ किये।

रामलीला, दशहरा, दीवाली, छठ पूजा व ईद जैसे धार्मिक पर्वो पर रहे पुख्ता सुरक्षा प्रबंध

पिछले दिनों दिल्ली में सम्पन्न हुए विभिन्न धार्मिक पर्वो के दौरान आपके सुरक्षा प्रबंध काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहे। इसके लिए आप सभी प्रशंसा व बधाई के पत्र हैं। वैसे तो दिल्ली पुलिस दिल्ली में प्रतिदिन होने वाले धरनों, प्रदर्शनों, राजनितिक–सामाजिक गतिविधियों व धार्मिक गतिविधियों का केन्द्रबिदूं होने की वजह से सदैव सतर्क रहती है। परन्तु अक्टूबर व नवम्बर माह के दौरान दिल्ली में धार्मिक पर्वो की बहुतायता को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंधों के साथ–साथ गुप्तचर तंत्र को भी मजबूत एवं सक्रिय होता है। जिसमें हर स्तर के पुलिस अधिकारी एवं जवानों को निरतंर व लम्बी डयूटियॉ देकर अपने दायित्व का निर्वाह करना होता है। दिल्ली में छोटे–बड़े स्तर पर आयोजित होने वाली हजारों रामलीलाओं के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना अपने आप में एक चुनौती होती है तो दीवाली जैसे पर्व पर अतिरिक्त चौकन्ना रहना होता है। छठ पूजा व ईद जैसे पर्वो पर आपसी सामंज्यता व सद्भावना पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसमें आप सफल भी रहे। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले दिनों प्रत्येक पुलिसकर्मी ने अपने कर्तव्य को पूरी दृढ़ता और ईमानदारी के साथ निष्पादित किया। आज की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आपके द्वारा दिल्ली की सुरक्षा–व्यवस्था को चाक–चौबंद बनाए रखने में अपने जोश, कर्तव्यनिष्ठा व सम्पर्ण भाव को निरंतर बनाए रखना नितांत आवश्यक है ताकि दिल्ली पुलिस की आधुनिक एवं श्रेष्ठ पुलिस की छवि में और इज़ाफा हो सके।

पिछले दिनों दिल्ली में खुफिया तंत्र द्वारा दिल्ली में किसी आंतकी वारदात को अंजाम देने की आशंका व्यक्त की गई थी। वैसे तो दिल्ली सदैव आंतकवादियों के निशाने पर रहती है, ऐसी आंशकाओं से निपटने के लिए एक तरफ जहां पुलिस को स्थानीय मदद से अपने खुफिया तंत्र को मजबूत करना चाहिए वहीं दूसरी तरफ आम नागरिकों को भी चौकन्ना रहने के लिए उन्हें जागरूक करने और उनका विश्वास प्राप्त करने पर जोर देना चाहिए। दिल्लीवासियों के मन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता है, इसीलिए पुसिकर्मियों को निचले स्तर के कामगारों को अपनी आँख व कान बनाने, स्थानीय निवासियों से जुड़कर उनकी मनोदशा को समझने और अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से, बिना किसी लालच के और निष्पक्ष भावना से निष्पादित करने की जमीनी हकीकत को समझना होगा।

आम लोगों को अपनी कार्यशैली में शामिल करें, उनका विश्वास प्राप्त करें, उनके मन में अपनी एक ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी की छवि पैदा करें ताकि संकट के समय वे न सिर्फ आपकी मदद कर सके बल्कि बेझिझक होकर आपके साथ सूचनाएँ भी बाँट सके। इससे दिल्ली पुलिस न केवल आंतकी हमलों को रोकने में सफल होगी बल्कि अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाने में भी सफल होगी। इसमें कोई संदेह नहीं।



कां0 राजेन्द्र ने अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता ''कॉरोस'' में कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली जिला के थाना चाणक्यपुरी थाने में तैनात कां0 राजेन्द्र सिंह ने फ्रांस (पेरिस) में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कॉरोस प्रतियोगिता (एक तरह की कुश्ती जो मेट पर खेली जाती है) में कांस्य पदक प्राप्त किया है। 8 से 10 अक्टूबर, 2011 को आयोजित इस 18वीं इंटर–नेशनल कॉरोस प्रतियोगिता में 22 देशों के लगभग 230 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कां0 राजेन्द्र सिंह ने फाइनल प्रतियोगिता में सोवियत रूस के प्रतियोगी को चित करके कांस्य पदक जीता। कां0 राजेन्द्र सिंह फ्रांस, इराक व उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों को हरा कर फाइनल में पहुंचे और रूस के खिलाड़ी को हराते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। वर्ष 1990 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए कां0 राजेन्द्र सिंह ने इससे पहले भी देश के विभिन्न भागों में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 70 से 76 किलोग्राम वजन की प्रतियोगिताओं में भी तीन बार स्वर्ण पदक तथा एक बार रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



अपराध शाखा के सर्वश्रेष्ठ बीट हैकां0 हरपाल सिंह को शाबासी देते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री संदीप गोयल

हमारी आचार संहित

हमें अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों की सीमाओं की पहचान होनी चाहिए और इनका निष्ठा व निष्पक्षता के साथ पालन करना चाहिए। हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे यह लगे कि हम न्याय पालिका के कार्यों को अपने हाथों में ले रहे हैं। न ही हमें व्यक्तिगत झगड़े में पड़कर फैसला या दंड देना चाहिए।

शुभकामनाएँ

जुलाई–अगस्त माह के दौरान 131 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए। पुलिस परिवार सेवानिवृत होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घआयु की कामना करता है।

जुलाई माह के दौरान सेवानिवृत्त : एसआई जीत सिंह, एसआई रामबीर सिंह,एसआई सामू मुर्मू, एसआई सुखबीर सिंह, एएसआई ललित तिवारी,एएसआई हरीशचन्द्र, एएसआई जयराज सिंह,एएसआई ओमपाल सिंह, हैडकां0 धमबीर सिंह, हैडकां0 बीर सिंह तथा हैडकां0 केदारनाथ (पीसीआर) एसआई रणबीर सिंह,एसआई रघुबीर सिंह, एसआई शिवकरण राम, एएसआई बलजीत सिंह, हैडकां0 विक्रम सिंह, (यातायात) , एसआई धर्मपाल, एसआई मित्रा तिवारी, एसआई मर्गेन्द्र सिंह,एसआई राम मनोहर, एसआई शूरवीर सिंह,एसआई सुरेश कुमार, एसआई विष्णु लाल, एसआई सूर्य मूल, एएसआई तपेश्वर सिंह, एएसआई हरभजन सिंह, एएसआई ब्रहमपाल सिंह तथा हैडकां0 हरेन्द्र नाथ (सुरक्षा), एसआई गंगाराम (अप0एवं रेलवे), एसआई शिव कुमार तथा हैडकां0 यामिन खान (पी.एंड एल),एसआई रामसिंह (आईजीआई एयरपोर्ट), एसएसआई अतर सिंह तथा एएसआई रामबीर सिंह(उतर'पूर्वी जिला), एसआई मोहम्मद खालिद, धोबी कमल किशोर तथा स्वीपर ओमप्रकाश (पीटीसी), इंस्पेक्टर धामसिंह चकनुई तथा एसआई राम दता (संचार शाखा),हैडकां0 विद्याधर, कां0 सुरेन्द्र वी.टी तथा कां0 कृष्ण कुमार (पश्चिमी जिला), एसआई गिरजा शंकर, एएसआई जगदीश प्रसाद तथा हैडकां0 अमर सिंह (नई दिल्ली जिला), इंस्पैक्टर जगमोहन तथा एसआई शिव शंकर (राष्ट्रपति भवन), एसआई धर्मपाल तथा हैडकां0 चन्द्रपाल सिंह (पूर्वी जिला) एसआई जयवीर सिंह एएसआई प्रेमचंद तथा हैडकां0 रविन्द्र कुमार (उतर–पश्चिमी जिला),एसआई रामनिवास तथा हैडकां0 इन्द्रपाल (तृतीय वाहिनी), एएसआई प्रताप सिंह (दक्षिणी जिला), एसआई दूधनाथ कां0 विनय कुमार तथा कुक हीरा सिंह (मध्य जिला), एसआई ओमबीर सिंह (एफ.आर.आर.ओ), एसआई रमेश सिंह तथा एएसआई विरेन्द्र सिंह (डी.ई.सेल) तथा एसआई ब्रहमसिंह, एसआई रामकुमार तथा एसआई तेजाराम (विशेष शाखा)

अगस्त माह के दौरान सेवानिवृतः एसआई महेन्द्र सिंह, एएसआई रमेश कुमार, एएसआई नसरूद्दीन खान, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई सुभाषचन्द्र, एएसआई बलवान सिंह,हैडकां0 विजेन्द्र कुमार, हैडकां0 अवधेश कुमार, हैडकां0 सतीश कुमार हैडकां0 महेन्द्र सिंह तथा हैडकां0 महीपाल सिंह (पीसीआर) एसीपी योगेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर सुभाषचन्द्र, एसआई रामपाल सिंह, एएसआई कामेश्वर झा, हैडकां0 गुलाब सिंह तथा कां0 मनोज कुमार (यातायात), एसीपी श्री अतर सिंह (आईजीआई एयरपोर्ट), हैडकां0 महेन्द्र सिंह (दक्षिणी जिला), एसआई रणबीर सिह तथा एएसआई राजसिंह (उतर–पश्चिमी जिला) एसआई नंदा बल्लभ, एएसआई रणसिंह तथा हैडकां0 सत्यवीर सिंह (विशेष शाखा) एएसआई मामचद (दक्षिण–पूर्वी जिला) कां0 बलवान सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह,एसआई हरीशरण तथा एसआई जयसिंह (उतरी जिला) एसआई श्रीनाथ, एसआई दुलीचंद, एसआई रामनिवासी तथा एएसआई कमलेश्वर कुमार, एसआई वेदपाल तथा हैडकां0 तलहारी मधुलटृी (उतर–पूर्वी जिला) एसआई आदिल सिंह तथा कुक सत्यासिंह (सातवीं वाहिनी) तथा एएसआई रेवती सिंह (पी. एंड एल), एसीपी श्री पैट्रीस टीर्की, एसआई मनोहर लाल, एसआई यादराम (एफआरआरओ) इंस्पेक्टर जगननाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, इंस्पेक्टर जयनारायण हैडकां0 भूपेन्द्र सिंह लाम्बा, हैडकां0 आर.चन्द्र मोहन (संचार शाखा), एसीपी कंवर सिंह यादव, एसआई रामकिशन, एसआई भोपाल सिंह, एसआई बलबीर सिंह, एएसआई होशियार सिंह, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई रघुवीर सिंह तथा हैडकां0 ऋषि प्रकाश (सुरक्षा), एसआई मोहिन्द्र कुमार, हैडकां0 महेन्द्र सिंह तथा कुक रोशनी देवी (बाहरी जिला), एसआई मंगला सिंह, एसआई रामनिवास तथा एसआई शिवकुमार (राष्ट्रपति भवन) एएसआई धर्मपाल तथा हैडकां0 रामपाल (पूर्वी जिला) एएसआई स्वीपर बिशवेश्वर राम (प्रथम वाहिनी), तथा वाटर कैरियर नामदेव (मुख्यालय)

31 अक्टूबर, 2011 को सेवानिवृत होने वाले सहायक पुलिस आयुक्त में शामिल हैः श्री रहीश सिंह चहल, (सुप्रीम कोर्ट), श्री हरवंश लाल आरोड़ा (प्रथम वाहिनी), श्री पी.डी. शर्मा (पुलिस मुख्यालय) तथा श्रीमती अरूणिमा मुखर्जी (स्पेशल ब्रांच)

सितम्बर–नवम्बर माह के दौरान पदोन्नतिः इंस्पेक्टर से एसीपी (कार्यकारी) 26, इंस्पेक्टर से एसीपी 05 एसआई से इंस्पेक्टर (एग्जी.) 02, एसआई से इंस्पेक्टर (मि) 01, एसआई से इंस्पेक्टर (तकनीकी) 05, एएसआई से एसआई (मि) 02, एएसआई से एसआई (तकनीकी) 01, हैडकां0 से एएसआई (कार्य) 352, हैडकां0 से एएसआई (वायरलैस)10, हैडकां0 से एएसआई (मि) 01, हैडकां0 से एएसआई (चालक) 01,

स्थाईकरणः एएसआई (कार्यकारी) 09, एसआई (ऑपरेशन) 22, एएसआई (वायरलैस ऑप) 51,

श्रृद्धाजंलि

अगस्त व सितम्बर माह के दौरान 38 पुलिसकर्मियों का सेवाकाल के दौरान देहांत हो गया। असमय पुलिस परिवार से बिछुड़े अपने इन साथियों के आश्रितों के प्रति अपनी गहरी सवंदेना प्रकट करता है।

अगस्त माह के दौरान दिवंगत साथीः–इंस्पैक्टर जगबीर सिंह, एएसआई आनन्द सिंह तथा कां0 विजय सिंह (दक्षिणी जिला), एसआई गंगाचरण (संचार शाखा), एसआई महाराज सिंह (उतरी जिला), एसआई कर्मबीर सिंह (सातवीं वाहिनी), एएसआई विनोद कुमार (उतर–पश्चिमी जिला) एएसआई तेजपाल सिंह (उतर–पूर्वी जिला), एएसआई धर्मपाल, एएसआई जयइन्द्र सिंह हैडकां0 सतीश कुमार, हैडकां0 देवेन्द्र सिंह, हैडकां0 ओमपाल सिंह, हैडकां0 देशराज, हैडकां0 राजकुमार सिंह, कां0 पवन कुमार तथा कां0 राजकुमार (पीसीआर), हैडकां0 जोगेन्द्र सिंह तथा कां0 श्रीनिवास मीणा (दक्षिण–पूर्वी जिला) हैडकां0 रविन्द्र सिंह (आईजीआई एयरपोर्ट), हैडकां0 जयसिंह (प्रथम वाहिनी) कां0 लोकेन्द्र सिहं (पूर्वी जिला) कां0 प्रताप सिंह (तृतीय वाहिनी) तथा स्वीपर सुरेश कुमार (मध्य जिला) **सितम्बर माह के दौरान दिवंगत साथी** एसआई केदार सिंह (दक्षिण पूर्वी जिला), एसआई जयवीर पंवार (पीटीसी), एएसआई राजेन्द्र सिंह (पीसीआर), एएसआई सावित्री देवी तथा एएसआई दलबीर सिंह तथा कुक नवरतन (दक्षिणी जिला), एएसआई अनूप सिंह तथा हैडकां0 निहेन्द्र सिंह (यातायात), हैडकां0 सुबोध कुमार (बाहरी जिला), हैडकां राज सिंह (उतर–पूर्वी जिला) हैडकां0 विजयपाल सिंह (विशेष शाखा), हैडकां0 मिनिस्ट्रीयल शशि कौशिक (पूर्वी जिला) महिला हैडकां0 कांता देवी (पश्चिमी जिला), स्वीपर सत्यवीर सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला),



दिल्ली पुलिस

हमारे लिए
नागरिक सर्वप्रथम

www.delhipolice.nic.in • ई–मेल : delpol@vsnl.com

दिल्ली पुलिस आयुक्त को ई–मेल करें : bk.gupta@nic.in

सार्वजनिक सूचना

भर्ती



यदि आप दिल्ली पुलिस के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो पहले ड्राईविंग लाइसेंस बनवाइए

दिल्ली पुलिस शीघ्र ही सिपाही (कार्यकारी) पुरूष और उप निरीक्षक (कार्यकारी) पुरूष के पद की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने जा रही है। संशोधित भर्ती नियमों के अनुसार उम्मीदवारों के लिए मोटर साईकिल और हल्के वाहन का वैध ड्राईविंग लाइसेंस अनिवार्य योग्यता के रूप में जोड़ा गया है। अब भविष्य में सिपाही (कार्यकारी) पुरूष और उप निरीक्षक (कार्यकारी) पुरूष के पद की सभी भर्तियों के लिए उम्मीदवारों के पास आवेदन–पत्र प्रस्तुत करते समय मोटर साईकिल एवं हल्के वाहन का वैध ड्राईविंग लाइसेंस होना अपेक्षित होगा। **(24–6–2011 को समाचारों में प्रकाशित विज्ञापन)**

DP/8337/11

तुरंत पुलिस सहायता के लिए 100 नम्बर पर कॉल करें | **पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें — 1090**

2622 सिपाही (कार्यकारी) की भर्ती प्रकिया शुरू

दिल्ली पुलिस द्वारा 23 अक्टूबर, 2011 को देश के विभिन्न राज्यों से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों में दिल्ली पुलिस में सिपाहियों की भर्ती संबंधी विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। 2622 पदों में 1311 पद अनारक्षित, 708 पद अन्य पिछड़ा वर्ग, 402 पद अनुसूचित जाति तथा 201 पद अनुसूचित जन–जाति के लिए आरक्षित हैं। सभी वर्गो की रिक्तियों में 10 प्रतिशत पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित है। सभी वर्गो के अभ्यार्थियों जिसमें खिलाड़ी, विभागीय, भूतपूर्व सैनिक व पर्वतीय क्षेत्रों के उम्मीदवार भी शामिल है, के लिए आयु, शैक्षिक योग्यता तथा शारीरिक परीक्षा के लिए अलग–अलग मापदंड स्थापित किये गये हैं। अनिवार्य शैक्षिक योग्यता के अलावा उम्मीदवारों के पास हल्के वाहन चलाने के लिए वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस भी जरूरी है। आवेदन दिल्ली पुलिस वेबसाइट्स www.delhipolice.nic.in या www.delhipolicerecruitment.nic से डाउनलोड किये जाने की सुविधा है। आवेदन पत्र पोस्ट बॉक्स सं0 8020 दिल्ली–110033 पर भेजने के साथ–साथ 100 रूपये का डिमांड/बैंक ड्राट/बैंकर्स चैक उपायुक्त पुलिस/भर्ती प्रकोष्ठ, नई पुलिस लाइन के पक्ष में देय संलग्न करने होंगे। आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर ,2011 निर्धारित की गई थी। श्रेणीवार रिक्तियों की संख्या, पात्रता शर्ते, फार्म भरने की प्रकिया, लिखित व शारीरिक क्षमता एवं मापतौल संबंधी विस्तृत एवं ठोस जानकारी के लिए 29 अक्टूबर, 2011 को प्रकाशित रोजगार समाचार में विस्तृत उल्लेख किया गया है।

इतिहास के पन्नों से

बकरी चोरी



मुकदमा संख्या 1/4, धारा 379 भा0द0स0, दिनाँक 01.01.1899, थाना नांगलोई

संक्षिप्त तथ्यः– मखमूल वल्द रामपाल ने शिकायत दर्ज कराई कि कल वह अपनी बकरियां ले जा रहा था। रास्ते में आंधी आ गई और वह एक तरफ बैठ गया। बाद में उसने देखा कि उसकी एक बकरी को बदलू और गुल्लड़ उठा कर ले जा रहे हैं। उसने अपनी बकरी छीन ली और शोर मचा दिया। पुलिस ने दोनों मुल्जिम को गिरफ्तार कर लिया।

राजेन्द्र सिंह कलकल

सम्पादकः–जन–सम्पर्क अधिकारी, दिल्ली पुलिस राजन भगत एवं सह–सम्पादकः उप–नि0 सतबीर सिंह। पुलिस मुख्यालय नई दिल्ली